# कार्यालय – प्राचार्य

# शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलौदी, जिला – बालोद (छ.ग.)

*email id : principalgovt.collegebeloudi@gmail.com* *website : www.gcbeloudi.in*

**बेलौदी,दिनांक – 01.12.2022**

## / /वार्षिक परीक्षा संबंधी सूचना/ /

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा आयोजित सत्र 2022–23 की स्नातक (नियमित/प्रायवेट/भूतपूर्व/पूरक) परीक्षार्थियों से ऑनलाईन पद्धति से मुख्य वार्षिक परीक्षा 2022–23 हेतु परीक्षा आवेदन फार्म भरने एवं महाविद्यालय में जमा करने संबंधी कुछ आवश्यक जानकारी इस प्रकार है–

नियमित/भूतपूर्व/प्रायवेट/पूरक परीक्षार्थियों की परीक्षा फार्म भरने की
प्रारंभिक तिथि – 01.12.2022 एवं
अंतिम तिथि 24.12.2022 तक है।

## परीक्षा फार्म भरने एवं हार्डकॉपी जमा करने संबंधी कुछ निर्देश इस प्रकार है–

1. परीक्षार्थी आवेदन फार्म अंतिम वर्ष के अंकसूची के आधार पर ही फार्म भरेंगे।
2. प्रथम वर्ष में प्रवेश के समय लिये गये विषय का ही चयन करेंगे। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थी विषय परिवर्तन नहीं करेंगे। पूर्व परीक्षा के आधार पर ही विषय का चयन करेंगे।
3. प्रथम वर्ष के नियमित छात्र/छात्राएं नामांकन फार्म भरते समय प्रयोग किये गये यूजर आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग कर फार्म भरेंगे। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष (नियमित/प्रायवेट/भूतपूर्व/पूरक) के विद्यार्थी पूर्व परीक्षा में प्रयोग किये यूजर आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग करेंगे। तथा इस वर्ष प्रथम बार परीक्षा फार्म भरना चाहते हैं वे न्यू रजिस्ट्रेशन कर फार्म भरेंगे।
4. विद्यार्थी परीक्षा फार्म में स्वयं का मोबा. नं. एवं ईमेल आईडी का प्रयोग करेंगे।
5. परीक्षा आवेदन फार्म में किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए। अन्यथा इसकी जिम्मेदारी आप स्वयं छात्र/छात्राओं की होगी। त्रुटि होने पर 120 रू. अतिरिक्त शुल्क देना होगा। अतः फार्म सावधानी पूर्वक भरेंगे।

**परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी के साथ निम्न दस्तावेज जमा करेंगे–**

1. परीक्षा आवेदन फार्म की हार्डकॉपी। ( एक कॉपी अपने पास स्वयं रखें।)
2. 10वीं. 12वीं. प्रथम द्वितीय या अंतिम वर्ष के अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति। (नेट कॉपी की छायाप्रति स्वीकार नहीं होगा।
3. जाति, निवासी एवं आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
4. महाविद्यालय द्वारा प्रवेश के समय दी गई रशीद की छायाप्रति जिसमें विषय का नाम अंकित हो ।
5. यदि गैप हो तो गैप प्रमाण पत्र की मूलप्रति।
6. अन्य राज्य एवं अन्य विश्वविद्यालय से आये परीक्षार्थीयों को माईग्रेशन सर्टिफिकेट की मूलप्रति जमा करना होगा।
7. नियमित विद्यार्थी परीक्षा आवेदन फार्म जमा करते समय 30रू. अग्रेषण शुल्क एवं प्रायवेट छात्र/छात्राएं 500 रू. जनभागीदारी शुल्क तथा 30 रू. अग्रेषण शुल्क जमा करना होगा।
8. नियमित विद्यार्थी अपने प्राध्यापकों के पास परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी जमा करेंगे तथा प्रायवेट परीक्षार्थी काउण्टर के पास जमा करेंगे।
9. परीक्षार्थी महाविद्यालय के वेबसाईट <u>www.gcbeloudi.in</u> पर नियमित अवलोकन करें।
10. विद्यार्थी अपनी परीक्षा आवेदन फार्म दोपहर 02:00 बजे के बाद ही जमा करेंगे।
11. किसी भी प्रकार की परीक्षा संबंधी जानकारी हेतु कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

प्राचार्य
**Principal**
**Govt. Naveen College Beloudi**
**Distt.-Balod (C.G.)**

# कार्यालय – प्राचार्य
## शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलौदी, जिला – बालोद (छ.ग.)

*email id : principalgovt.collegebeloudi@gmail.com* *website : www.gcbeloudi.in*


बेलौदी,दिनांक – 01.12.2022

## / /अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी हेतु आवश्यक सूचना / /

"अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन फार्म स्वीकार करने विषयक"

समस्त अमहाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत आगामी वार्षिक परीक्षा 2022–23 हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। आूनलाईन आवेदन फार्म भरकर महाविद्यालय में अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों के रूप में परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा कर सकते है। आवेदन करने से पूर्व निम्न जानकारियों का अवलोकन अनिवार्य रूप से करेंगे–

विज्ञान संकाय :– बी.एस.सी. I,II,III – रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र, एवं वनस्पतिशास्त्र। (सभी विषय चयन करें)

कला संकाय :– बी.ए. I,II,III महाविद्यालय में संचालित विषयों के आवेदन फार्म ही स्वीकार किए जायेंगे– हिन्दी साहित्य, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र एवं इतिहास। (कोई तीन विषय चयन करें)

वाणिज्य संकाय :– बी.कॉम. I,II,III समस्त विषयों के आवेदन फार्म स्वीकार किए जायेंगे।

नोट :–

1. महाविद्यालय में संचालित विषयों पर ही भरे फार्म हुए स्वीकार किये जायेंगें।
2. विषय परिवर्तन की अनुमति नहीं है।
3. परीक्षार्थी महाविद्यालय के वेबसाईट www.gcbeloudi.in पर नियमित अवलोकन करें।
4. किसी भी प्रकार की परीक्षा संबंधी जानकारी हेतु कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

प्राचार्य
Principal
Govt. Naveen College Beloudi
Distt.-Balod (C.G.)